[Answers to Starred and Un-starred Questions (Both in English and Hindi) are available as Part-I to this Debate, published electronically on the Rajya Sabha website under the link https://sansad.in/rs/debates/officials]

1.00 P.M.

GOVERNMENT BILL

The Oilfields (Regulation and Development) Amendment Bill, 2024

MR. CHAIRMAN: Now, Bill for introduction. Shri Hardeep Singh Puri.

THE MINISTER OF PETROLEUM AND NATURAL GAS (SHRI HARDEEP SINGH PURI): Sir, I move for leave to introduce a Bill further to amend the Oilfields (Regulation and Development) Act, 1948.

The question was put and the motion was adopted.

SHRI HARDEEP SINGH PURI: Sir, I introduce the Bill.

---

†DISCUSSION ON THE WORKING OF THE MINISTRY OF AGRICULTURE AND FARMERS WELFARE— (*Contd.*)

MR. CHAIRMAN: Now, further discussion on the Working of the Ministry of Agriculture and Farmers Welfare raised by Shri Randeep Singh Surjewala on 1st August, 2024. Hon. Minister of Agriculture and Farmers Welfare, Shri Shivraj Singh Chouhan, to continue his reply.

SHRI RANDEEP SINGH SURJEWALA (Rajasthan): Sir, I wish to make a point. ...*(Interruptions)*...

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री (श्री शिवराज सिंह चौहान) माननीय सभापति महोदय, ...(**व्यवधान**)...

---

† Discussion continued from 2.8.2024.

MR. CHAIRMAN: No, Mr. Randeep. ...*(Interruptions)*... I will not allow. This has become a habit. ...*(Interruptions)*... Let the Minister complete his reply. ...*(Interruptions)*... No. I will not. ...*(Interruptions)*... Nothing will go on record. ...*(Interruptions)*... Forget about it. ...*(Interruptions)*... Mr. Randeep, take recourse to rules. ...*(Interruptions)*... Please, I will not allow. ...*(Interruptions)*... Don't create such kind of disturbance. ...*(Interruptions)*... It leaves a very bad precedent. ...*(Interruptions)*... Please, why don't you read rules? ...*(Interruptions)*...There is a provision under rules. ...*(Interruptions)*...Hon. Deputy Leader, Mr. Pramod Tiwari, please,... ...*(Interruptions)*... Please sit down. ...*(Interruptions)*... Hon. Members, the issue raised by Shri Randeep Singh Surjewala is that the hon. Agriculture and Farmers Welfare Minister, while addressing, had taken his name. Names are taken numerous times. You take recourse to rules. I have nothing before me. I cannot put the House in chaos. Study the rules. I am very liberal. I will protect everyone's reputation. So, please send a communication to me. Hon. Minister. ...*(Interruptions)*...Nothing will go on record. ...*(Interruptions)*...Hon. Minister. ...*(Interruptions)*...

श्री शिवराज सिंह चौहानः माननीय सभापति महोदय, ...(**व्यवधान**)...

श्री रणदीप सिंह सुरजेवालाः * ...(**व्यवधान**)...

MR. CHAIRMAN: Nothing is going on record. ...*(Interruptions)*...Nothing is going on record. ...*(Interruptions)*...What is this? ...*(Interruptions)*... I will name you. ...*(Interruptions)*...Please, don't show the papers. ...*(Interruptions)*...Why are you showing the paper? ...*(Interruptions)*...Why are you showing this paper? ...*(Interruptions)*...I am very close to naming you. ...*(Interruptions)*...Why are you showing this paper? ...*(Interruptions)*...Mr. Randeep Surjewala, don't show the paper. ...*(Interruptions)*... Hon. Members, I hereby name... ...*(Interruptions)*... Don't show it, please. ...*(Interruptions)*... Don't embarrass me. ...*(Interruptions)*... You don't understand such a simple thing! What is this? Hon. Minister, you continue. ...*(Interruptions)*...Nothing will go on record. Take your seat. ...*(Interruptions)*...Hon. Minister, Shri Shivraj Singh Chouhan's reply alone will go on record. ...*(Interruptions)*... देरेक जी, देरेक जी ...(**व्यवधान**)... Mr. Derek, let the House settle down. ...*(Interruptions)*...Let the House be in order.

* Not recorded.

*...(Interruptions)...*Please, अच्छा अब आपको भी बोलना है। नागर साहब, बैठिए। ...(**व्यवधान**)... मंत्री जी ...(**व्यवधान**)...

श्री शिवराज सिंह चौहानः माननीय सभापति महोदय, ...(**व्यवधान**)...

श्री सभापतिः मंत्री जी, मैंने आपका भाषण सुना भी और पढ़ा भी। मैं उत्सुक हूं, आप बोलें। ...(**व्यवधान**)... Nothing is going on record. *...(Interruptions)...*

श्री शिवराज सिंह चौहानः माननीय सभापति महोदय, ...(**व्यवधान**)...

MR. CHAIRMAN: You have no right to address the Chair like this. *...(Interruptions)...* You are committing a misconduct that I deprecate. *...(Interruptions)...*I expect the leadership to give you a refresher course. *...(Interruptions)...*No. I will not allow. Shri Digvijaya Singh, I will not allow. *...(Interruptions)...*Five Members behind you are standing. I will not allow, please. Sorry. *...(Interruptions)...* Mr. Minister, please continue. *...(Interruptions)...* It has never happened. *...(Interruptions)...* No; no. *...(Interruptions)...* One second, please. दिग्विजय सिंह जी, आप सुनिए। ...(**व्यवधान**)... सुनिए, सुनिए। ये क्या बात कर रहे हैं? ...(**व्यवधान**)... Nothing is going on record. *...(Interruptions)...* Nothing is going on record. *...(Interruptions)...* Nothing is going on record. *...(Interruptions)...* Please *...(Interruptions)...* Can I ask Members to take their respective seats? *...(Interruptions)...* Take your seat. *...(Interruptions)...* Your Minister is replying. *...(Interruptions)...* If there is misconduct, I will deal with it. *...(Interruptions)...* मुझे पता है। ...(**व्यवधान**)... Nothing is going on record. *...(Interruptions)...* Nothing is going on record. *...(Interruptions)...* Nothing is going on record. *...(Interruptions)...* Take your seat. *...(Interruptions)...* Take your seat; be comfortable. *...(Interruptions)...* This man, Shri Randeep Singh Surjewala, belonging to the main Opposition party does not know how to conduct himself in the House. *...(Interruptions)...* Why are you forcing me to name him? *...(Interruptions)...* Why are you forcing *...(Interruptions)...* Okay, gentlemen. *...(Interruptions)...* बैठिए, बैठिए। ...(**व्यवधान**)... It is my most unpleasant duty. If I see any disturbance now -- I seek full cooperation of the leadership — I will have to name the hon. Member. *...(Interruptions)...* One second. *...(Interruptions)...* Why are you *...(Interruptions)...* Again, Sir? *...(Interruptions)...* I am standing. The Chairman stands in the House when he finds the Member, whom I have come close to naming thrice, is not listening to me. If you have a grievance, please take recourse

to rules. ...*(Interruptions)*... Not now. But, write to me. I will deal with it and give you ...*(Interruptions)*...

श्री शिवराज सिंह चौहानः माननीय सभापति महोदय, यह ठीक नहीं है। ...(**व्यवधान**)...

MR. CHAIRMAN: If you show this paper again you may be out of the House for a very, very long time, Randeep. ...*(Interruptions)*... You do not want a discussion on farmers! आप किसान की बात नहीं सुनना चाहते हैं! ...(**व्यवधान**)... किसान के बारे में नहीं सुनना चाहते हैं! ...(**व्यवधान**)... किसान के हित की बात नहीं सुनना चाहते हैं! ...(**व्यवधान**)... किसान के विकास की बात नहीं सुनना चाहते हैं! ...(**व्यवधान**)... ऐसा क्यों कर रहे हैं? ...(**व्यवधान**)... No, nothing. ...*(Interruptions)*... Hon. Minister, please continue. ...*(Interruptions)*...

श्री शिवराज सिंह चौहानः माननीय सभापति महोदय, हम उस दिन पीएम किसान सम्मान निधि पर चर्चा कर रहे थे। ...(**व्यवधान**)... मुझे कहते हुए गर्व है, ...(**व्यवधान**)... माननीय सभापति महोदय, कांग्रेस ने किसान को प्रत्यक्ष सहायता की बात तो की, लेकिन कभी प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि जैसी योजना कांग्रेस ने नहीं बनाई। ...(**व्यवधान**)... यह बनाई, तो हमारे प्रधान मंत्री, नरेन्द्र मोदी जी ने। ...(**व्यवधान**)... माननीय सभापति महोदय, किसान सम्मान निधि में राशि भले ही 6 हजार रुपए हों, ...(**व्यवधान**)... ये नहीं समझेंगे, लेकिन जो लघु किसान, सीमांत किसान, छोटे किसान हैं, उनके लिए 6 हजार रुपए मायने रखते हैं। ...(**व्यवधान**)... माननीय सभापति महोदय, कई बार किसान को आदान के लिए, छोटी-छोटी जरूरतें पूरी करने के लिए छोटी राशि की जरूरत पड़ती थी। ...(**व्यवधान**)... जब पैसा नहीं होता था, तो उसको ऊँची ब्याज की दरों पर ऋण लेना पड़ता था। ...(**व्यवधान**)... इस किसान सम्मान निधि के कारण किसान स्वावलंबी भी हुआ है, किसान सशक्त भी हुआ है और किसान का सम्मान भी बढ़ा है। ...(**व्यवधान**)... माननीय सभापति महोदय, ये किसान का सम्मान देख नहीं सकते! ...(**व्यवधान**)... माननीय सभापति महोदय, एक रिपोर्ट, यह हमारी नहीं है, अंतर्राष्ट्रीय खाद्य नीति अनुसंधान संस्थान की है, एक स्वतंत्र अध्ययन के अनुसार पीएम किसान योजना के तहत वितरित धनराशि ने ग्रामीण आर्थिक विकास में उत्प्रेरक का काम किया है, ...(**व्यवधान**)... किसानों को ऋण संबंधी बाधाओं से मुक्त किया है और कृषि क्षेत्र में निवेश को बढ़ाया है। ...(**व्यवधान**)... इस योजना ने किसान की जोखिम लेने की क्षमता को भी बढ़ाया है, ...(**व्यवधान**)... जिससे वे कृषि क्षेत्र में संभावित रूप से अधिक उत्पादक निवेश करने में सक्षम हुए हैं। ...(**व्यवधान**)... माननीय सभापति महोदय, ...(**व्यवधान**)... माननीय सभापति महोदय, मैंने कहा था कि मुझे छेड़ो मत, अगर छेड़ोगे, तो छोड़ूँगा नहीं। ...(**व्यवधान**)... ये किसान और गोलियों की बात कर रहे हैं! ...(**व्यवधान**)... माननीय सभापति महोदय, इस कांग्रेस की सरकार में ...(**व्यवधान**)... जब इनकी, कांग्रेस की अलग-अलग राज्यों में सरकार थी, ...(**व्यवधान**)... और ये गोली चलने की बात करते हैं! ...(**व्यवधान**)... 24-24 किसानों को मारा गया। ...(**व्यवधान**)...

माननीय सभापति महोदय, ...(**व्यवधान**)... मैं केवल विषय पर बोलना चाहता था ...(**व्यवधान**)...

श्री सभापतिः नहीं, नहीं। ...(**व्यवधान**)... आप चुप रहिए। ...(**व्यवधान**)... नहीं। ...(**व्यवधान**)... आप मंत्री जी को सुनिए। ...(**व्यवधान**)...

श्री शिवराज सिंह चौहानः अब इन्होंने छेड़ा है, ...(**व्यवधान**)... अब इन्होंने छेड़ा है, तो ये सुन लें। ...(**व्यवधान**)... 1986 में ...(**व्यवधान**)... 1986 में जब बिहार में कांग्रेस की सरकार थी, तो इनकी सरकार में 23 किसानों की मौत गोलीबारी से हुई थी।
...(**व्यवधान**)... माननीय सभापति महोदय, 1988 में दिल्ली में श्रीमती इंदिरा गांधी जी की पुण्य तिथि पर किसानों पर गोलियाँ चलाई गईं। ...(**व्यवधान**)... उसमें 2 किसान मारे गए। ...(**व्यवधान**)... 1988 में इन्होंने मेरठ में किसानों पर फायरिंग की, 5 किसान मारे गए। ...(**व्यवधान**)... 23 अगस्त, 1995 को ...(**व्यवधान**)... सुनते जाइए। ...(**व्यवधान**)... दम है, तो सुनते जाइए। ...(**व्यवधान**)... दम है, तो सुनते जाइए। ...(**व्यवधान**)...

श्री सभापतिः मंत्री जी, ...(**व्यवधान**)...

(*At this stage, some hon. Members left the Chamber.*)

श्री शिवराज सिंह चौहानः महोदय, 23 अगस्त, 1995 को हरियाणा में गोलियाँ चलाईं, वहाँ 6 किसान मारे गए। ...(**व्यवधान**)... 12 जनवरी, 1998 को मुल्ताई में किसानों पर गोलियाँ चलीं, तब कांग्रेस की सरकार थी, 24 किसान मारे गए। ...(**व्यवधान**)...

श्री सभापतिः माननीय मंत्री जी, ...(**व्यवधान**)...

श्री शिवराज सिंह चौहानः आंध्र प्रदेश में 2010 में 2 किसान मारे गए। ...(**व्यवधान**)...

श्री सभापतिः माननीय मंत्री जी, ...(**व्यवधान**)... माननीय मंत्री जी, ...(**व्यवधान**)...

श्री शिवराज सिंह चौहानः उत्तर प्रदेश में 4 किसानों की गोली से ...(**व्यवधान**)...

श्री सभापतिः माननीय मंत्री जी..

श्री शिवराज सिंह चौहानः माननीय सभापति जी, मैंने कहा था कि मैं शालीनता से बात करना चाहता हूँ।

श्री सभापतिः एक मिनट। आप बैठिए। आप स्थान ग्रहण कीजिए।

श्री शिवराज सिंह चौहानः लेकिन अगर ये छेड़ेंगे, तो मैं छोड़ूँगा नहीं, यह मैंने पहले ही कह दिया था।

श्री सभापतिः माननीय मंत्री जी, आप स्थान ग्रहण कीजिए। ...(**व्यवधान**)... आप स्थान ग्रहण कीजिए।

माननीय सदस्यगण, यह दुर्भाग्यपूर्ण भी है और दर्दनाक भी है। किसान वर्ग, देश का सबसे महत्वपूर्ण वर्ग है। जब उस वर्ग के बारे में चर्चा हो रही है, तो हर सदस्य का यह मौलिक कर्तव्य है कि वह चर्चा में गंभीरता से भाग ले। मैंने इस विषय पर चर्चा में जिसने जितना समय मांगा, उतना दिया और मुझे उम्मीद थी कि सरकार का पक्ष सुनकर, यदि कोई बात निकलेगी, तो कानून के तहत मुद्दा उठाया जाएगा।

यह जो व्यवधान पैदा किया गया है, वह नियमों के विपरीत है। मेरे निर्देश के बाद जो व्यवधान पैदा किया गया है, वह इस आसन की अवहेलना है। यह अत्यंत गम्भीर है। माननीय सदस्य, रणदीप सुरजेवाला जी ने, जिन्होंने चर्चा की शुरुआत की थी, आज मुझे दुखी मन से यह कहना पड़ रहा है कि उन्होंने किसान के हित को तिलांजलि देते हुए, संजीदगी का परित्याग करते हुए, माननीय मंत्री जी के भाषण में अवरोध पैदा करने का जो प्रयास किया, उसका मैं खंडन करता हूं, प्रतिकार करता हूं, निंदा करता हूं। ...(**व्यवधान**)...

दूसरा, मैं सदन के सभी सदस्यों से आग्रह भी करूंगा कि जब एक कोने से कोई व्यवधान पैदा होता है, तो बिना मेरी तरफ देखे हुए, बिना आसन की व्यवस्था का इंतजार किए हुए, दूसरे कोने से व्यवधान हो जाता है। जब इधर से कोई बोल रहा है, तो उधर व्यवधान हो जाता है और उधर से कोई बोल रहा है, तो इधर से भी हो जाता है। मेरा आपसे आग्रह रहेगा कि सदन में चर्चा को सार्थक बनाइए, जन कल्याण के लिए बनाइए। यही हमारा उत्तरदायित्व है। लोग हमको देख रहे हैं। सदन की कार्यवाही में, गुणवत्ता में जो निरंतर कमी आ रही है, उससे लोग हमारी तरफ अब आदर की दृष्टि से नहीं देखते, लोग यह नहीं देखते कि सदन में क्या चर्चा हो रही है। मेरा आपसे हाथ जोड़कर आग्रह है कि इस सदन को, इसकी पवित्रता को संरक्षण दें। सृजन बाद में होगा, जब एक बार संरक्षण देंगे। माननीय मंत्री जी, अपना बयान जारी रखें।

श्री शिवराज सिंह चौहानः माननीय सभापति महोदय, इस सदन में किसानों पर चर्चा हो रही है और किसान भी इसको ध्यान से सुनते हैं। मैं पूरी गंभीरता से अपनी बात पूरी करना चाहता हूँ। महोदय, जब मैं कृषि मंत्री बना, तो मुझे लगा कि आज तक भारत में जितने प्रधानमंत्री हुए हैं, मुझे उन सब के भाषणों को पढ़ना चाहिए और सबसे महत्वपूर्ण भाषण होता है 15 अगस्त का, स्वतंत्रता दिवस का लाल किले की प्राचीर से। मैंने सोचा कि किसानों के लिए किस प्रधानमंत्री जी ने क्या कहा, उसको मैं पढ़ूँ। आज मैं दुख के साथ यह तथ्य उद्घाटित कर रहा हूँ। जब मैंने वह भाषण पढ़ा, तो मैं हैरत में रह गया, हैरान हो गया। मैंने जो उस दिन कहा था काँग्रेस की प्राथमिकता किसान नहीं है। स्वर्गीय पंडित जवाहरलाल नेहरू जी, मैं उनका आदर करता हूँ, लेकिन मैंने 15 अगस्त के उनके सारे भाषण पढ़े। उन्होंने किसान का नाम 1947 में एक बार भी नहीं लिया, 1948 में एक बार लिया, 1949 में नहीं लिया, 1950 में नहीं लिया, 1951 में नहीं लिया, 1952 में नहीं

लिया, 1953 में नहीं लिया, 1954 में नहीं लिया, 1955 में नहीं लिया, 1956 में नहीं लिया, 1957 में नहीं लिया, 1958 में नहीं लिया, 1959 में नहीं लिया, 1960 में नहीं लिया, 1961 में नहीं लिया, उनमें किसान शब्द नहीं आया। यह मैं पढ़ कर कह रहा हूँ। उनमें किसान शब्द नहीं आया। यह आपकी प्राथमिकताएँ हैं।

माननीय सभापति महोदय, स्वर्गीय इंदिरा गांधी जी, मैं हर एक की गरिमा का सम्मान करता हूँ, कभी किसी के सम्मान को ठेस पहुँचाने वाली भाषा बोलने का मैं आदी नहीं हूँ, लेकिन मैंने उनके भाषण भी पढ़े। उन्होंने किसान का नाम 1966 में दो बार लिया, 1967 में एक बार लिया, 1968 में तीन बार लिया, 1969 में तीन बार लिया, 1970 में एक बार लिया, 1971 और 1972 में नहीं लिया, 1973 में दो बार नाम लिया, लेकिन वह भी कैजुअली नाम लिया, कोई नीति की बात नहीं की, कोई पॉलिसी की बात नहीं की। 1975, 1976 और 1980 में एक-दो बार कैजुअली नाम लिया।

स्वर्गीय राजीव जी, उनकी प्राथमिकता भी कभी किसान नहीं रही। काँग्रेस की प्राथमिकता कभी किसान नहीं रही। लेकिन जब से हमारे नेता नरेन्द्र मोदी भारत के प्रधान मंत्री बने, मैंने उनके भाषण पढ़े, तो उन्होंने 2014 में छह बार, 2015 में 23 बार, 2016 में 31 बार, 2017 में 20 बार, 2018 में 17 बार, 2019 में 17 बार, 1920 में 17 बार, 1921 में 15 बार किसान का नाम लिया। आप भाषण उठा कर देख लीजिए। उन्होंने किसान का नाम लिया और खेती को प्राथमिकता दी।

माननीय सभापति महोदय, जो बात दिल में होती है, जुबान पर वही आती है। इनके दिल में किसान नहीं था, नरेन्द्र मोदी जी के दिल में किसान था, इसलिए जुबान पर किसान बार-बार आता है। मैं एक और बात कह कर अपनी बात फिर किसान पर ही केंद्रित करूँगा। मुझे किसी को गाली देना अच्छा नहीं लगता, मैं कभी आलोचनाओं में विश्वास नहीं करता, लेकिन नाटक से किसान की जिंदगी नहीं बदलेगी। माननीय सभापति महोदय, एक नेता, जिन्होंने बड़ी यात्राएँ निकालीं, बड़ी-बड़ी यात्राएँ निकालीं। उस यात्रा के दौरान हरियाणा के सोनीपत में रियल दिखाने के लिए रील बनाई। मैं एक पुराना वीडियो देख रहा था, वह 2023 का वीडियो है सोनीपत का। वे अचानक एक खेत में पहुँच जाते हैं, वहाँ पर किसानों से ज्यादा कैमरामैन थे। कैमरे पहले से फिक्स थे, कहाँ फोकस किए जाएँगे, यह तय था। उनको दो लोग पकड़ कर खेत में ले जा रहे हैं, खेत में पहुँचने के बाद उनको पता नहीं कि खेत में करना क्या है, तो वहाँ वे कैमरामैन से यह पूछ रहे हैं कि कैसे खड़े होना, क्या करना है। माननीय सभापति महोदय, मेरे पास उसकी यह पूरी-की-पूरी वीडियोग्राफी की सीडी है। मैं इसको सभा के पटल पर रखना चाहता हूँ।

श्री सभापतिः आप उसको authenticate कीजिए और सदन के पटल पर रखिए।

श्री शिवराज सिंह चौहानः माननीय सभापति महोदय, मैं इसको authenticate करके सदन के पटल पर रखता हूँ।

MR. CHAIRMAN: During course of the day आप इसको रख दीजिए।

श्री शिवराज सिंह चौहानः जी हाँ, सभापति महोदय।

माननीय सभापति महोदय, ये किसान के नाम पर नाटक करते हैं कि कहां खड़ा होना है, कैमरे लगाओ, लोग देख लें कि हम किसान हैं। जब इनको हल भेंट किया जाता है, तो ये पूछते हैं कि यह क्या है। यहां से एक स्वर्गीय प्रधानमंत्री जी हुए हैं, जिन्होंने जब देखा कि लाल मिर्च के दाम हरी मिर्च से ज्यादा है, तो उन्होंने कहा कि किसानों, आप यह लाल मिर्च क्यों नहीं उगाते।

माननीय सभापति महोदय, ये खेती की बात करेंगे, ये किसानी की बात करेंगे! जहां चर्चा करनी हो, कर लें। मैं किसान का बेटा भी हूँ और खुद भी किसान हूँ, खेती करता हूँ। मैं कह रहा था कि किसानों के बारे में भाजपा ने सोचा, हमारे प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने सोचा। माननीय सभापति महोदय, आप खुद किसान हैं, हम समझते हैं। टोडरमल जी के जमाने से किसानों के सारे अभिलेख व्यक्ति संधारित करता था - पटवारी, रेवेन्यू का अमला। अंग्रेज आए, उन्होंने वह प्रथा जारी रखी, कांग्रेस में वह प्रथा जारी रही। मैं सबको* नहीं कहता। सब पटवारी खराब नहीं हैं, लेकिन अगर किसी के मन में आ जाए कि रिकॉर्ड में* करनी है, तो कई बार हमने देखा कि धन्ना के नाम की जमीन पन्ना के नाम चली गई। बेचारा राम लाल खेती कर रहा था, बरसों बाद पता चला कि यह जमीन तो श्याम लाल की हो गई! एक नहीं, अनेकों घोटाले होते थे, जिंदगी भर कोर्ट में मामले चलते थे। अब ये चीज़ें कांग्रेस को समझ में नहीं आ सकतीं। माननीय सभापति महोदय, अगर किसान की फसल खराब हो जाए और राहत की राशि के लिए सर्वे करना हो तो वह कौन करता था? वह नजरी आकलन रेवेन्यू का आदमी करता था और कई बार उसके मन में * आ जाती थी। महोदय, मैं मुख्य मंत्री रहते हुए नरसिंहपुर जिले में गया और हमने राहत की पर्याप्त राशि दी। वहां के किसानों ने मुझसे यह शिकायत की कि मुख्य मंत्री जी, जिसने गन्ना बोया था, उसको ओले पड़ने के बाद गेहूँ की फसल खराब होने का मुआवजा दे दिया गया। अगर पटवारी के मन में आ गया तो उसने इधर का उधर लिख दिया।

माननीय सभापति महोदय, हर एक राज्य में कई सारी शिकायतें आती हैं। इस व्यवस्था को ठीक करने की जरूरत थी। मैं भारत के किसानों की ओर से अपने विज़नरी प्रधान मंत्री श्रीमान नरेन्द्र मोदी जी को हृदय से धन्यवाद देना चाहूँगा कि उन्होंने "डिजिटल कृषि मिशन" शुरू करने का संकल्प लिया। माननीय सभापति जी, मुझे यह कहते हुए गर्व है कि किसानों को "आधार" की तरह डिजिटल पहचान देने के लिए एक किसान आईडी बनाई जा रही है, जिसको किसान की पहचान के रूप में जाना जाएगा। इस किसान आईडी को राज्य की भूमि के रिकॉर्ड के साथ जोड़ा जाएगा। माननीय सभापति जी, अब अगर किसान कोई भी फसल बोएगा, तो उसके रिकॉर्ड में हेराफेरी नहीं हो सकती, क्योंकि वह डिजिटल है और कोई आदमी गड़बड़ नहीं कर सकता। अगर फसल बोई गई है तो बोने के बाद जैसी फसल आती है, मोबाइल से वीडियोग्राफी करके उसको सुरक्षित कर दिया जाएगा, ताकि कौन-सी फसल बोई गई है, उसमें कोई गड़बड़ न कर सके। किसानों के नुकसान के आकलन के लिए अब हम यह व्यवस्था बना रहे हैं कि उसका आकलन कोई आदमी नहीं करेगा, बल्कि वह सीधे रिमोट सेंसिंग के माध्यम से होगा। उसका जैसा

* Expunged as ordered by the Chair.

नुकसान होगा, वह उसमें 100 फीसदी वैसा ही आ जाएगा और जो पात्र किसान है, उसको पूरी राहत दी जाएगी। हम इस डिजिटल कृषि मिशन का प्रारंभ कर रहे हैं।

माननीय सभापति महोदय, अगर खेती के लाभ को बढ़ाना है, तो हॉलिस्टिक दृष्टिकोण अपनाना पड़ेगा। हमारे प्रधान मंत्री जी ने मुझे निर्देश दिया कि बैठकर सोचो कि खेती और खेती से संबंधित सारे विभाग एक दिशा में कैसे सोचें। सभापति जी, विभाग अलग-अलग हो सकते हैं और हम जानते हैं कि केमिकल एंड फर्टिलाइजर विभाग अलग है, लेकिन उसका खेती से संबंध है। जल शक्ति विभाग अलग है, लेकिन उसका खेती से संबंध है। इसलिए सरकार यह प्रयास कर रही है कि अलग-अलग विभाग, चाहे वह Animal Husbandry हो, Fisheries हो या हॉर्टिकल्चर हो, वे मिलकर प्लानिंग करें, एक दिशा में चलें, ताकि हम खेती में लाभ को और ज्यादा बढ़ाने का काम कर सकें। यह सरकार एकीकृत दृष्टिकोण अपनाएगी। महोदय, मोदी है, तो मुमकिन है। हम कृषि का विविधीकरण कर रहे हैं। महोदय, हम केवल अनाज की खेती ही नहीं कर रहे हैं, बल्कि फलों की खेती, फूलों की खेती, सब्जियों की खेती, औषधि की खेती, agro-forestry और उसके साथ-साथ पशुपालन, मधुमक्खी पालन, अनेकों प्रकार के काम को जोड़कर छोटे और सीमांत किसानों को ज्यादा लाभ कैसे मिल सके, उसकी योजना यह सरकार बना रही है।

माननीय सभापति महोदय, मुझे कहते हुए यह खुशी है कि आईसीआर ने अलग-अलग agro-climatic zone के आधार पर विभिन्न जलवायु क्षेत्रों में 74 एकीकृत कृषि प्रणाली विकसित की हैं। महोदय, हमारे देश में जोत के आकार काफी छोटे हैं, इसलिए हम यह प्रयत्न कर रहे हैं कि छोटे किसान, एक हेक्टेयर के किसान कैसे लाभ कमा पाएं। वे केवल अनाज ही नहीं, बाकी फसल की उगाएं, उसके साथ सहायक काम भी चलाएं। इसका हम एक मॉडल फार्म बना रहे हैं, इसके माध्यम से हम किसान को एजुकेट करेंगे कि वह एक हेक्टेयर में भी फायदे की खेती कर सकता है। यह एक मॉडल है। सर, किसान इसे देखकर सीखेगा।

महोदय, एक बात और कहना चाहता हूं कि केमिकल फर्टिलाइज़र का उपयोग हमारे अन्न के भंडारों को भरने के लिए एक वरदान साबित हुआ है, लेकिन आज मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि केमिकल फर्टिलाइज़र का उपयोग अंधाधुंध हो रहा है, जिसके कारण फसलों पर उसका कुप्रभाव पड़ रहा है। महोदय, मैं एक बात तकलीफ के साथ कहना चाहता हूं कि केमिकल फर्टिलाइज़र ज़रूरी है, लेकिन एक सीमा से अधिक उपयोग हमारी फसलों को खराब करता है - कई राज्य ऐसे हैं, जहां कैंसर एक्सप्रेस जैसी कई ट्रेन चल जाती हैं - वह हमारी भूमि के स्वास्थ्य को भी खराब कर रहा है, उर्वरा शक्ति कम हो रही है, मित्र कीट मारे जा रहे हैं। महोदय, हम एक जमाने में गांव में बरसात के समय में देखते थे कि वहां कितने केंचुए आते थे। वे केचुए सबसे बड़े उर्वरक हैं, वे धरती में नीचे जाते थे, ऊपर आते थे, उर्वर बनाते थे। वे मिट्टी खाते थे और जब मिट्टी ही बाहर देते थे, तो वह भी खाद का काम करती थी। अब केचुए समाप्त हो चुके हैं। मैं प्राकृतिक खेती के विस्तार में नहीं जाऊंगा, लेकिन अब समय आ गया है कि हमको उत्पादन बनाए रखते हुए, उत्पादन बढ़ाते हुए हमको प्राकृतिक खेती के बारे में सोचना पड़ेगा। मैं प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी की तड़प जानता हूं। मैं आपसे थोड़ा सा और समय लूंगा। सभापति महोदय, जब मैं मुख्यमंत्री था, तब प्रधान मंत्री जी ने एक दिन मुझे फोन किया था। वे मध्य प्रदेश के रीवा जिले में आने वाले थे, उन्होंने मुझे फोन करके कहा कि एक छोटी नाटिका बने, जिसमें एक बेटी धरती बने और अधिक केमिकल फ़र्टिलाइज़र के उपयोग के कारण वह धरती कहे कि मैं तुम्हारी

मां हूं, आखिर तुम कितना केमिकल फर्टिलाइज़र मुझ पर डालोगे। उनकी एक तड़प थी, इसलिए मुझे कहते हुए प्रसन्नता है कि हम प्राकृतिक खेती को भी प्रारंभ कर रहे हैं। इस सरकार ने प्राकृतिक खेती मिशन बनाया है। प्राकृतिक खेती का अर्थ यह नहीं है कि सारी की सारी ज़मीन पर किसान प्राकृतिक खेती करे। प्राकृतिक खेती के कई सफल प्रयोग हुए हैं। गुजरात के राज्यपाल, देवव्रत जी ने अनेकों प्रयोग किए हैं। कई राज्यों में किसान प्राकृतिक खेती कर रहे हैं। इसलिए हम धीरे-धीरे एक करोड़ किसानों को सेंसिटाइज़ करेंगे, जागृत करेंगे, उनमें से 18 लाख, 75 हज़ार किसान, जो ट्रेंड होंगे, उनको प्राकृतिक खेती में लाएंगे और साढ़े सात लाख हैक्टेयर ज़मीन में प्रारंभ करेंगे, पूरी जमीन में नहीं करेंगे। मैं किसानों से आह्वान करना चाहता हूं कि धरती मां के स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए पूरी ज़मीन में प्राकृतिक खेती करना आवश्यक नहीं है, बल्कि अगर 5 एकड़ ज़मीन है, तो एक एकड़ में करेंगे, आधी एकड़ में करके देखें। वैज्ञानिक यह सिद्ध कर रहे हैं कि प्राकृतिक खेती से पैदा हुए उत्पाद बहुत पोषक होते हैं, पोषण भी देते हैं और धरती के स्वास्थ्य को भी ठीक करते हैं और उत्पादन भी नहीं घटता है - वैल्यु ऐडिशन होती है - इसलिए माननीय सभापति महोदय, प्राकृतिक खेती की तरफ हम ध्यान देंगे।

सभापति महोदय, हमें कृषि में निर्यात को बढ़ाना है। अभी भारत का निर्यात लगभग 2 प्रतिशत है। यह लगातार दस साल में बढ़ा है और मुझे कहते हुए गर्व है कि मोदी जी के नेतृत्व में यह लगातार बढ़ा है। दस साल में चावल का निर्यात 17,749 करोड़ रुपये से बढ़कर 51,096 करोड़ रुपये हो गया है। मसालों का निर्यात 15,146 करोड़ रुपये था, वह बढ़कर 30,418 करोड़ रुपये हो गया है, मूंगफली का निर्यात 3,187 करोड़ रुपये से बढ़कर 6,735 करोड़ रुपये हो गया है। चीनी का निर्यात 7,178 करोड़ रुपये से बढ़कर 46,310 करोड़ रुपये हो गया है। इसलिए निर्यात की अपार संभावनाएं हैं। यह सरकार उनको दोहन करेगी और हमारे किसानों को ज्यादा लाभ मिले, इसमें कोई कसर नहीं छोड़ेगी। महोदय, कृषि विज्ञान केन्द्र, किसान और विज्ञान को जोड़ने के लिए बना है। मैं आपके माध्यम से निवेदन करना चाहूंगा, सारे माननीय सांसदों से चाहे लोक सभा के हों या राज्य सभा के हों, वे एक बार कृषि विज्ञान केन्द्र जरूर जाएं। वहां के काम में भागीदारी करें, हिस्सेदारी करें। आखिर साइंटिस्ट्स लैब में जो रिसर्च करते हैं, उस लैब के रिसर्च को लैंड तक किसान के बीच में ले जाना पड़ेगा और उसी की भाषा में ले जाना पड़ेगा, इसलिए कृषि विज्ञान केन्द्र अत्यंत महत्वपूर्ण है। महोदय, मैं बहुत संक्षेप में इस सरकार के विजन को रखना चाहता हूं। सिर्फ हंगामा खड़ा करना मेरा मकसद नहीं, मेरी तो हसरत है कि यह सूरत बदलनी चाहिए। मोदी जी इस विजन से काम करते हैं, इसलिए उस विजन को प्रकट करना जरूरी है, क्योंकि सामने वालों को विजन से कोई मतलब नहीं है और वे यहां हैं भी नहीं। वे खेती में कभी नहीं होंगे। सर, अलगे पांच साल में हमारा लक्ष्य जलवायु अनुकूल क्लाइमेंट चेंज के इस दौर में हमें जलवायु अनुकूल bio-fortified की नई फसलों की किस्में तैयार करनी पड़ेंगी, हम 1,500 नई किस्में तैयार करने जा रहे हैं। माननीय प्रधान मंत्री जी कुछ दिनों में 109 नई किस्मों को किसानों को समर्पित करने वाले हैं, ताकि बढ़ते हुए तापमान के बाद भी कृषि में उत्पादन लगातार बढ़ता रहे। महोदय, प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी की 'One Health' approach है। एक ही चेतना सब में है। वह प्राणियों में है, मनुष्य में भी है, जीव-जन्तुओं में, पशु-पक्षियों में भी है।...(**व्यवधान**)... मुझे थोड़ा-सा समय और दे दीजिए।

श्री सभापतिः माननीय मंत्री जी, बहुत लंबा जवाब हो गया है और आपने सभी प्वाइंट्स कवर कर लिए हैं।

श्री शिवराज सिंह चौहानः सर, थोड़े से और बचे हैं, जो किसानों के लिए बहुत उपयोगी हैं। मैं जल्दी ही अपनी बात खत्म करता हूं। जल, जमीन, जलवायु, जंगल,जानवर, जीवन, जनता, सबको एक सूत्र में बांधना पड़ेगा। अगर पौधे और पशु स्वस्थ हैं, तो मनुष्य भी स्वस्थ होगा। इस भाव को अगर जाना, तो नरेन्द्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने जाना है। हम सबके हित परस्पर जुड़े हैं। इसलिए भारत के प्राणियों में सद्भावना हो और विश्व का कल्याण हो, इस एप्रोच को ध्यान में रखते हुए हम हमारी 15 Advanced Disease Diagnostic Kits विकसित कर रहे हैं। पांच साल में हम 18 हजार करोड़ रुपये की लागत से 100 export-oriented बागबानी cluster बनाएंगे। आधुनिक post-harvest infrastructure के विकास के लिए 1 लाख 40 हजार करोड़ रुपये का अभूतपूर्व निवेश हम कर रहे हैं। किसानों की पहुंच मंडी तक बेहतर बनाने के लिए 1,500 अतिरिक्त मंडियों का एकीकरण किया जाएगा। मैं बहुत जल्दी अपनी बात समाप्त कर रहा हूं। हम 6,800 करोड़ रुपये की पर्याप्त निवेश के माध्यम से तिलहन मिशन की शुरुआत कर रहे हैं, ताकि तिलहन में आत्मनिर्भरता प्राप्त कर सकें। सभापति महोदय, कीटनाशक अधिनियम में भी हम महत्वपूर्ण संशोधन करने जा रहे हैं, ताकि उच्च गुणवत्ता का कीटनाशक किसान को मिल सके। हम 50 हजार गांवों को जलवायु अनुकूल गांवों के रूप में विकसित करने जा रहे हैं और सूक्ष्म सिचांई के तहत 1.21 लाख हेक्टेयर को कवर करने की प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में हमारी योजना है। महोदय, मैं बहुत विस्तार में नहीं जाऊंगा, क्योंकि मैं जानता हूं कि समय की सीमा होती है। लेकिन मैं क्या करूं, मेरी तो हर सांस किसानों के लिए चलती है, खेती के लिए चलती है। दिन और रात खेती के बारे में माननीय प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में हम सोचते हैं, इसलिए विस्तार से चर्चा का कभी अवसर मिलेगा, तो मैं फिर करूंगा। मैं केवल एक निवेदन आपके माध्यम से और करना चाहता हूं। मैं सभी राजनैतिक दलों से यह निवेदन करना चाहता हूं कि किसान को वोट बैंक न समझें, किसान को इन्सान मानकर व्यवहार करें। इसमें राज्य सरकारों का सहयोग जरूरी है, क्योंकि बिना राज्य सरकारों के सहयोग के केन्द्र काम नहीं कर सकता और जो हमारा सहकारी संघवाद है, उस भावना का आदर करते हुए, मैंने अलग-अलग राज्यों के कृषि मंत्रियों को बुलाया, चाहे वे किसी भी पार्टी के हों, हमने पार्टी के आधार पर भेद नहीं किया और वहां की कृषि की समस्याओं पर चर्चा करके, उनके समाधान का प्रयास किया है। हम राज्यों के साथ मिलकर काम करेंगे।

माननीय सभापति महोदय, प्रधान मंत्री श्रीमान् नरेन्द्र मोदी जी का विज़न है कि आने वाले 2047 तक भारत न केवल अपनी जनता के लिए पोषण युक्त, पर्याप्त अन्न, फल और सब्जियां पैदा करेगा, बल्कि दुनिया का फूड बॉस्केट भी भारत बनकर उभरेगा। कृषि में समस्याएं हैं, लेकिन उनका समाधान भी है।

माननीय सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि हम किसानों से जाकर बात करेंगे, किसान संगठनों से भी बात करेंगे, हम संवाद से समाधान की तरफ बढ़ेंगे और सबको साथ लेकर आगे चलेंगे।

"कौन कहता है कि आसमान में सुराख नहीं होता,
एक पत्थर तो तबियत से उछालो यारो।"

हम परिश्रम की पराकाष्ठा और प्रयत्नों की परिसीमा करके, इस देश की कृषि और किसान के कल्याण में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। बहुत-बहुत धन्यवाद।

श्री सभापतिः माननीय मंत्री जी, किसान के दिल में घुस जाइए और जो भी समाधान बाकी है अविलम्ब उसका निराकरण हो। यह देश के हित में है, देश के विकास में बहुत सहायक होगा। मैं यह मानकर चलता हूं कि आप अपने मंत्रालय में पहली बार शुरुआत कर रहे हैं, इससे बड़ी प्राथमिकता देश के लिए और कोई हो नहीं सकती।

माननीय सदस्यगण, माननीय दिग्विजय सिंह जी ने मुझे एक पत्र भेजा है। प्लीज़, ...(व्यवधान)... Hon. Members, I have received these communications from Digvijaya Singh ji, Sanjay Singh ji, Randeep Singh Surjewala ji, and, again, Digvijaya Singh ji. I will give my ruling on these. I will give my ruling. ...*(Interruptions)*...

SHRI DIGVIJAYA SINGH (Madhya Pradesh): Sir, the fact remains... ...*(Interruptions)*...

श्री संजय सिंह (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली): सर, आपने कहा था कि ...(व्यवधान)...

MR. CHAIRMAN: Nothing is going on record, Digvijaya Singh ji. ...*(Interruptions)*....

SHRI DIGVIJAYA SINGH: *

MR. CHAIRMAN: Digvijaya Singh ji, ...*(Interruptions)*... There are two things. ...*(Interruptions)*... Digvijaya Singh ji, please listen to me. ...*(Interruptions)*... Please listen to me. ...*(Interruptions)*... Okay. Papers to be laid on the Table.

PAPERS LAID ON THE TABLE - *(Contd.)*

Notifications of the Ministry of Power

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF POWER (SHRI SHRIPAD YESSO NAIK): Sir, I lay on the Table:-

---

* Not recorded.